Government of **Western Australia**
Department of **Mines, Industry Regulation and Safety**

WorkSafe
Western Australia

सूचना पत्र

अधिकारी का स्वास्थ्य और सुरक्षा कर्तव्य

अधिकारी कौन होता है?

किसी के कार्य शीर्षक में 'अधिकारी' शब्द का होना किसी को कार्य स्वास्थ्य और सुरक्षा (WHS) कानूनों के तहत अधिकारी नहीं बनाता है। अधिकारी ऐसे पदों पर होते हैं जो उन्हें संगठन के लिए निर्णय लेने या संगठन की वित्तीय स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की क्षमता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की अनुमति देते हैं। निर्णय लेने में विशेष रूप से WHS मुद्दों को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है - यह सामान्य रूप से निर्णयों के बारे में है जो संगठन को मौलिक रूप से प्रभावित करते हैं।

अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित सावधानी का उपयोग करना चाहिए कि व्यवसाय या उपक्रम संचालित करने वाला व्यक्ति (पीसीबीयू) person conducting a business or undertaking (PCBU) कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों को नुकसान से बचाने के लिए अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा कर्तव्यों को पूर्ण करता है।

उचित सावधानी क्या होती है?

WHS के संबंध में उचित सावधानी का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि PCBU काम की सुरक्षित प्रणालियों को लागू करता है और उनका रखरखाव करता है। इसमें शामिल है निगरानी और मूल्यांकन करना कि संगठन के भीतर WHS कैसे प्रबंधित किया जाता है।

हो सकता है कि अधिकारी दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन में सीधे तौर पर शामिल न हो, लेकिन उसके लिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि PCBU एक सुरक्षित कार्य वातावरण को सक्षम बनाता है, संसाधन उपलब्ध कराने, प्रक्रियाओं को बनाने और लागू करने और प्रक्रियाओं, और जोखिमों, घटनाओं और नियंत्रणों की समीक्षा करने के माध्यम से।

उचित सावधानी आवश्यकताओं की सूची के लिए WHS अधिनियम की धारा 27(5) देखें।

अधिकारी की ड्यूटी क्यों होती है?

अधिकारी अपनी कॉर्पोरेट जिम्मेदारियों, निर्णयों और व्यवहार के माध्यम से व्यवसाय या उपक्रम की संस्कृति और जवाबदेही को दृढ़ता से प्रभावित कर सकते हैं। अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे उचित सावधानी बरतें क्योंकि वे निवेश और नीतिगत निर्णय लेते हैं जो कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं।

निर्णय लेने में भाग लेने का क्या अर्थ है?

निर्णय लेना किसी विषय पर निर्णय लेने की क्रिया या प्रक्रिया है, अकेले या अन्य लोगों के साथ।

अधिकारी निर्णय लेने की प्रक्रिया में योगदान देकर या निर्णय लेकर भागीदार माना जा सकता है। केवल उन निर्णयों की अनुशंसा करने या उन्हें लागू करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति को उस आधार पर अधिकारी नहीं माना जाएगा।

किसी व्यवसाय या उपक्रम का एक बड़ा (पर्याप्त) हिस्सा क्या है?

क्या कोई निर्णय किसी व्यवसाय या उपक्रम के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है, इसका आंकलन केवल एक मामले दर मामले के आधार पर किया जा सकता है। मूल्यांकन में यह निर्धारित करना शामिल हो सकता है कि क्या निर्णय:

- उच्च-स्तरीय या रणनीतिक हैं
- बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करते हैं
- वित्तीय रूप से बड़े हैं (प्रारंभिक परिव्यय और रखरखाव की लागतों सहित)
- केंद्रीय गतिविधियों को प्रभावित करते हैं, और कितनी सीमा तक।

क्या किसी अधिकारी पर WHS कानून के तहत आपराधिक आरोप लगाया जा सकता है?

अधिकारी पर WHS कानूनों के तहत कुछ विशेष अपराधों का आरोप लगाया जा सकता है यदि वे अपने उचित सावधानी के कर्तव्य में विफल हो जाते हैं।

क्या एक स्वयंसेवक एक अधिकारी हो सकता है?

एक स्वयंसेवक के लिए WHS कर्तव्यों के संबंध में एक अधिकारी होने के लिए, स्वयंसेवी संगठन को PCBU की परिभाषा को पूरा करना अनिवार्य है। इसका अर्थ है कि संगठन को कम से कम एक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी को नियुक्त करना आवश्यक है। PCBU का एक स्वयंसेवक एक अधिकारी है या नहीं, यह उनकी भागीदारी और संगठन पर प्रभाव पर निर्भर करेगा।

एक स्वयंसेवक एक अधिकारी हो सकता है यदि वो:

- किसी संगठन के बोर्ड या समिति का सदस्य है
- वे ऐसे निर्णय लेते हैं या उन्हें लेने में भाग लेते हैं जो पूरे संगठन या उसके एक बड़े हिस्से को प्रभावित करते हैं
- उनके पास संगठन की वित्तीय स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की क्षमता है।

अधिक जानकारी के लिए *स्वयंसेवी संगठनों के लिए कार्य स्वास्थ्य और सुरक्षा मार्गदर्शिका (Work health and safety for volunteer organisations guide)* देखें।

एक स्वयंसेवक, जो एक अधिकारी है, का कर्तव्य है कि वह उचित सावधानी का उपयोग करे, लेकिन उस कर्तव्य का पालन करने में विफल रहने के लिए उस पर कानूनी करवाई नहीं की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए कार्यस्थल पर कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों की जिम्मेदारियां (Responsibilities of workers and others at the workplace) देखें।

अधिक जानकारी के लिए, व्याख्यात्मक दिशानिर्देश: अधिकारी का स्वास्थ्य और सुरक्षा कर्तव्य *(Interpretive guideline: The health and safety duty of an officer)* पढ़ें।

यह एक संक्षिप्त मार्गदर्शिका है। कर्तव्य धारकों को कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की पूर्ण समझ के लिए *कार्य स्वास्थ्य और सुरक्षा अधिनियम 2020 (Work Health and Safety Act 2020)* और संबंधित नियमों का संदर्भ लेना चाहिए।

डब्ल्यू एस मई22_1148